गोपनीय

योगेश चन्द्र **संयुक्त सचिव**		अर्द्व0शा0प0सं0-12/22(24)2013/का-1/2013 उत्तर प्रदेश शासन कार्मिक अनुभाग-1 लखनऊ :: दिनांक 27 दिसम्बर, 2013

प्रिय महोदय,

सिंचाई विभाग के अंतर्गत मुख्य अभियन्ता (सिविल) स्तर-1 के पद पर चयन हेतु मुख्य सचिव की अध्यक्षता में दिनांक 18.12.2013 को विभागीय चयन समिति की बैठक सम्पन्न हुई। चयन समिति द्वारा निम्नलिखित अधिकारियों को मुख्य अभियन्ता (सिविल) स्तर-1 के पद पर पदोन्नति प्रदान करने की संस्तुति की गयी है:-

1. **श्री अजय कुमार मिश्रा**
2. **श्री अरविन्द कुमार गुप्ता**
3. **श्री अनुरोध बाबू दीक्षित**
4. **श्री साकेत कुमार**
5. **श्री अशोक कुमार**
6. **श्री स्वदेश प्रकाश जैन**
7. **श्री शफीक हुसैन**
8. **श्री राकेश वर्मा**

2. चयन समिति द्वारा यह भी संस्तुति की गयी है कि प्रयुक्त पात्रता सूची के क्रमांक-9 पर अवस्थित अधिकारी **श्री कृष्ण पाल सिंह** के विरूद्ध प्रचलित अनुशासनिक कार्यवाही के दृष्टिगत उनके सम्बंध में की गयी संस्तुति को 01 पद सुरक्षित रखते हुए मुहरबन्द लिफाफे में रखा जायेगा।

3. उपरोक्त प्रस्तर-1 में संस्तुत अधिकारियों में से क्रमांक-2 से 6 तक अवस्थित 05 अधिकारी क्रमश: श्री अरविन्द कुमार गुप्ता, श्री अनुरोध बाबू दीक्षित, श्री साकेत कुमार, श्री अशोक कुमार एवं श्री स्वदेश प्रकाश जैन इसी चयन वर्ष में सेवानिवृत्त हो रहे हैं। अत: प्राप्त हो रही इन 05 परिणामी रिक्तियों के सापेक्ष भी निम्नलिखित अधिकारियों की मुख्य अभियन्ता (सिविल) स्तर-1 के पद पर पदोन्नति प्रदान किये जाने की चयन समिति द्वारा संस्तुति की गयी है:-

1. **श्री दिनेश कुमार इडेजा**
2. **श्री लाजपत राय अदलखा**
3. **श्री ज्ञानेन्द्र कुमार सिरोठिया**
4. **श्री निखिल किशोर**
5. **श्री संतोष कुमार**

4. उपरोक्त प्रस्तर-3 में संस्तुत अधिकारियों में से क्रमांक-2 पर अवस्थित अधिकारी श्री लाजपत राय अदलखा भी इसी चयन वर्ष में सेवानिवृत्त हो रहे हैं, अत: प्राप्त हो रही 01 परिणामी

http://shasanadesh.up.nic.in

रिक्ति के सापेक्ष प्रयुक्त पात्रता सूची के क्रमांक-16 पर अवस्थित अधिकारी **श्री भू प्रकाश यादव** को मुख्य अभियन्ता (सिविल) स्तर-1 के पद पर पदोन्नति प्रदान किये जाने की भी चयन समिति द्वारा संस्तुति की गयी है।

5. चयन समिति द्वारा यह और भी संस्तुति की गयी है कि उपरोक्त संस्तुति के आधार पर पदोन्नति प्रदान करते हुए नियुक्त किये जाने के आदेश परिणामी रिक्तियों के वास्तविक रूप से उपलब्ध होने पर ही जारी किये जायेंगे।

6. चयन समिति की उपर्युक्त संस्तुति पर मा0 मुख्यमंत्री जी का अनुमोदन प्राप्त हो गया है।

7. अतः मुझे आपसे अनुरोध करने की अपेक्षा की गयी है कि कृपया चयन समिति की उपर्यक्त संस्तुति के अनुसार यथावश्यक अग्रतर कार्यवाही सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

ह0/-

(योगेश चन्द्र)

श्री दीपक सिंघल,
प्रमुख सचिव,
सिंचाई विभाग,
उत्तर प्रदेश शासन।

http://shasanadesh.up.nic.in